# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नोएडा में रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई राफे–एम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह निर्माण इकाई रक्षा क्षेत्र में वैज्ञानिक क्रांति का उदाहरण बनेगी। यहां बनने वाले अद्वितीय ड्रोन देश के लिये भविष्य की बड़ी उपलब्धि होंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युद्ध के बदलते तरीकों और रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल में ही ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने पूरी दुनिया को अपने सामर्थ्य का एहसास कराया है। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ अनिल चौहान भी मौजूद रहे।

**********

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है।

***नरेन्द्र मोदी जी के मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग देश में बहुत बड़ी मात्रा में पिछले 11 वर्षों में बढ़ी है। इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्शन करीब 6 गुना बढ़ा है, इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट्स करीब 8 गुना बढ़ा है इन्हीं 11 वर्षों में। चाहे मोबाइल हो, लैपटॉप हो, सर्वर हो, हार्डवेयर के दूसरे कम्पोनेंट हो, राउटर हो उन सब की मैन्युफैक्चरिंग भारत में स्टार्ट हुई है।***

**********

देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी अनुमानों का स्वागत करते हुए केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत सुधारों से प्रेरित वैश्विक विकास इंजन है। विश्व की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है और ये आंकडे शानदार हैं।

***हमारी जो अर्थव्यवस्था है, 2014 में टू ट्रिलियन डॉलर की थी, 11वें स्थान पर थे विश्व भर में, हम फिर पांचवें स्थान पर पहुंचे, आज चौथे स्थान पर हैं और कुछ ही समय में हमारी जो अर्थव्यवस्था है जीडीपी विश्व भर में तीसरे स्थान पर आएगी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये देश विदेश के लोगों को सम्बोधित करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ पचीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह वाराणसी के सर्किट हाउस में जनता दर्शन का आयोजन कर आमजन की समस्याएं सुनीं। सौ से अधिक लोगों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की सेवा, सुरक्षा व सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सबकी समस्या का समाधान कर प्रदेश के हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए सरकार निरंतर प्रयत्नशील है।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीएसएसएससी ने गूगल प्ले स्टोर पर नया एन्ड्रायड मोबाइल एप लांच किया है। यूपीएसएसएससी नाम के इस एप से अभ्यर्थी परीक्षा से जुड़ी हर जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। आयोग के अनुसार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा छः और सात सितंबर को प्रदेश के अड़तालीस जिलों में दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में पचीस लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। अब नये मोबाइल एप के माध्यम से अभ्यर्थी परीक्षा जनपद की सूचना, प्रवेश पत्र, परिणाम और अन्य जरूरी अपडेट सीधे अपने मोबाइल पर ही आसानी से देख सकेंगे। उधर, परिवहन निगम ने यूपीएसएसएससी की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ग्यारह हजार से अधिक बसें चलाने का निर्णय लिया है।

**********

अयोध्या में एक बार फिर दीपोत्सव के भव्य आयोजन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश सरकार ने इस बार राम की पैड़ी पर दीपोत्सव के नौवें आयोजन के दौरान छब्बीस लाख ग्यारह हजार दीप प्रज्ज्वलन का लक्ष्य रखा है। इसके लिये अट्ठाइस लाख दीप विछाने की योजना बनायी गयी है। दीपों को सजाने और प्रज्ज्वलित करने के लिये बत्तीस हजार स्वयं सेवक लगाये जायेंगे।

**********

प्रदेश के कई जिलों में अभी भी नदियां उफान पर हैं। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य के अट्ठारह जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किये हैं कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये हर सम्भव प्रयास किये जाएं। उधर, जौनपुर जिले में भारी बारिश के कारण जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा एक से बारह तक के समस्त विद्यालयों में शैक्षिक कार्य स्थगित रहा।

**********